एस-18011/24/2015-एसबीएम

भारत सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

स्वच्छ भारत मिशन

12वां तल, पर्यावरण भवन,
सीजीओ कॉम्प्लैक्स, लोदी रोड़,
नई दिल्ली-110003
दिनांक: 22.04.2015

सेवा में,

प्रधान सचिव/सचिव
ग्रामीण स्वच्छता के प्रभारी
(सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र)

विषय: इस मंत्रालय एसबीएम (जी)आईएमआइएस पर संपर्क विवरण की सूची का अद्यतनीकरण

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मंत्रालय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के संबंधित अधिकारी/कार्मिक का संपर्क विवरण एसबीएम (जी)-आईएमआईएस पर रखता है।

यह पाया गया है कि सूची में दिया गया डाक पता उचित नहीं है (अर्थात अपूर्ण डाक पते हैं) जिस कारण कई बार महत्वपूर्ण पत्र रजिस्ट्रीकृत डाक/स्पीड पोस्ट आदि से नहीं पहुँच पाते और वापस लौट आते हैं। इसी प्रकार से सबद्ध राज्य अधिकारियों के नाम, पदनाम तथा दूरभाष/मोबाइल आदि में हुए परिवर्तन को समय पर अद्यतन नहीं किया जाता जिससे राज्य अधिकारियों से संवाद में परेशानी आती है।

अत: अनुरोध है कि संपर्क व्यक्तियों की सूची को यथाशीघ्र अद्यतन किया जाए तथा जब भी कोई परिवर्तन हो विवरण को अद्यतन कर दें।

भवदीय,

(क्रिस्टीना खुज़ूर)
अवर सचिव, भारत सरकार

प्रति:-

1. राज्य समन्वयक, एसबीएम, सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र
2. तकनीकी निदेशक (एनआईसी)-वैबसाइट पर डलवाने हेतु।